span>

Title: Need to expedite construction of bridge at Dumarighat as well as renovation of old bridge in Gopalganj parliamentary constituency, Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज) ः मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क सं. एन.एच. 28 पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें एक 38 कि.मी. का सड़क निर्माण प्रोजेक्ट है। जिसके अंतर्गत डुमरियाघाट पुल भी आता है जो लगभग 1 कि.मी. से अधिक का है। इस पुल पर 200 से 300 मीटर का निर्माण कार्य 2012 से ही बंद पड़ा हुआ है जिसे कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में जिस पुराने पुल से गाड़ियों की आवाजाही हो रही है, उसके भी मरम्मत और पुनरूद्धार की जरूरत है। पहले यह मार्ग टू लेन का था जो अब फोर लेन में विकसित होता चला जा रहा है जो जनहित के लिए बहुत अच्छा है, पर दोनों पुलों पर अलग-अलग उक्त समस्याओं के कारण जनता को बहुत सारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार श्री नितिन गडकरी जी से निवेदन करता हूँ कि दोनों पुलों पर उनसे संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाने हेतु विभागीय कार्रवाई कराने की कृपा करें जिससे जनहित को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।